MY NET TV

# डिजिटल समाचार

निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल

Saturday 29th November 2025 website: mynettv. online

# राजकीय महाविद्यालय धामी द्वारा बागवानी क्षेत्र में स्व-रोज़गार अवसरों पर व्याख्यान आयोजित



सुन्नी । 28 नवंबर 2025 को राजकीय महाविद्यालय धामी के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल, इको क्लब, कॉमर्स सोसायटी और साइंस सोसायटी द्वारा स्व–रोज़गार के अवसरों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान विशेष रूप से बागवानी क्षेत्र में उपलब्ध स्व–रोज़गार संभावनाओं पर केंद्रित था।

कार्यक्रम की संसाधन व्यक्ति डॉ. प्रबल चौहान, सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर, निदेशालय बागवानी, ने विद्यार्थियों को बागवानी क्षेत्र में स्व–रोज़गार के अवसरों तथा आवश्यक उद्यमिता कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उन विभिन्न सरकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जो युवा उद्यमियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने भी विद्यार्थियों को स्व–रोज़गार के क्षेत्र में उभरती प्रवृत्तियों और स्टार्टअप कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया तथा उन्हें नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर प्रो. मनोज कुमार, प्रो. नमिता खागटा, डॉ. विक्रांत सकलानी, प्रो. दिनेश शर्मा, डॉ. गोदावरी, डॉ. सविता, डॉ. गौरव शर्मा और डॉ. सरिता उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय धामी में बागवानी क्षेत्र में स्व–रोजगार अवसरों पर व्याख्यान आयोजित



**दैनिक आवाज जनादेश/सुन्नी** राजकीय महाविद्यालय धामी के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल, इको क्लब कॉमर्स सोसायटी और साइंस सोसायटी द्वारा स्व रोजगार के अवसरों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान विशेष रूप से बागवानी क्षेत्र में उपलब्ध स्व-रोजगार संभावनाओं पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम में बागवानी निदेशालय की सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर डॉ. प्रबल चौहान ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की । इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को बागवानी क्षेत्र में स्व-रोजगार के अवसरों तथा आवश्यक उद्यमिता कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उन विभिन्न सरकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जो युवा उद्यमियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने भी विद्यार्थियों को स्व-रोजगार के क्षेत्र में उभरती प्रवृत्तियों और स्टार्टअप कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया तथा उन्हें नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. मनोज कुमार, प्रो. नमिता खागटा, डॉ. विक्रांत सकलानी, प्रो. दिनेश शर्मा, डॉ. गोदावरी, डॉ. सविता, डॉ. गौरव शर्मा और डॉ. सरिता उपस्थित रहे।

# बागवानी क्षेत्र में स्व-रोजगार अवसरों पर व्याख्यान



*शिमला : राजकीय महाविद्यालय धामी द्वारा बागवानी क्षेत्र में स्व-रोजगार अवसरों पर व्याख्यान के दौरान उपस्थित शिक्षक व छात्र-छात्राएं। (नरेश)*

शिमला, 28 नवम्बर (ब्यूरो): राजकीय महाविद्यालय धामी के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमैंट सैल, ईको क्लब, कॉमर्स सोसायटी और साइंस सोसायटी द्वारा स्व-रोजगार के अवसरों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

यह व्याख्यान विशेष रूप से बागवानी क्षेत्र में उपलब्ध स्व-रोजगार संभावनाओं पर केंद्रित था। कार्यक्रम की संसाधन व्यक्ति डा. प्रबल चौहान सीनियर मार्कीटिंग ऑफिसर निदेशालय बागवानी ने विद्यार्थियों को बागवानी क्षेत्र में स्व-रोजगार के अवसरों तथा आवश्यक उद्यमिता कौशल के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उन विभिन्न सरकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जो युवा उद्यमियों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. दिनेश सिंह कंवर ने भी विद्यार्थियों को स्व-रोजगार के क्षेत्र में उभरती प्रवृत्तियों और स्टार्टअप कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया तथा उन्हें नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।